नवभारत टाइम्स, फरीदाबाद, रविवार, 26 फरवरी 2023

# रणधीर और रीता चुने गए बेस्ट ऐथलीट




■ **एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ :** शहर के अग्रवाल कॉलेज में आयोजित 51वीं वार्षिक दो दिवसीय एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। इसके बाद विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। छात्र वर्ग में रणधीर और छात्रा वर्ग में रीता को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया। एथलेटिक मीट के उद्घाटन पर मुख्य अतिथि SDM त्रिलोक चंद, कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान देवेंद्र गुप्ता और प्रिंसिपल डॉ. कृष्णकांत गुप्ता उपस्थित रहे। मीट में 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. केएल कौशिक, डॉ. अजित यादव और डॉ. जयपाल सिंह निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नंदकिशोर, डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा, डॉ. सुप्रिया ढांडा और डॉ. संजीव गुप्ता की भूमिका भी रही।